Synergy

BSES
BSES Yamuna Power Limited

... दिल्ली सरकार के साथ एक संयुक्त उद्यम

नवंबर– दिसंबर, 2010

दिवाली, ईद, क्रिसमस और नए साल पर बीएसईएस की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं

बीवाईपीएल हेल्पलाइन: अब उर्दू और पंजाबी में भी सुनें संदेश

आप में से कई लोग उर्दू और पंजाबी में खुद को ज्यादा सहज महसूस करते हैं। आपकी भावनाओं को समझते हुए, हमने पूर्वी और मध्य दिल्ली में, अपने हेल्पलाइन नंबर 399–99–808 पर अब हिंदी और अंग्रेजी के अलावा उर्दू और पंजाबी में भी मैसेज देने शुरू कर दिए हैं। और, इसके साथ ही चारों प्रमुख भाषाओं–हिंदी, अंग्रेजी, उर्दू और पंजाबी में यह सेवा उपलब्ध कराने वाली, दिल्ली की पहली बिजली वितरण कंपनी बन गई है बीवाईपीएल।

बीवाईपीएल के आईवीआरएस आधारित कॉल सेंटर पर अपनी पसंदीदा भाषा को चुनना काफी आसान है। पहले आप 399–99–808 को डायल करें और उसके बाद अपनी पसंद की भाषा चुनें।

हिंदी के लिए 1 दबाएं

अंग्रेजी के लिए 2 दबाएं

उर्दू के लिए 3 दबाएं

पंजाबी के लिए 4 दबाएं

हम पहुंचेंगे आपके द्वार, ताकि आपको न हो परेशानी

नया कनेक्शन लेना हो, या लोड बढ़वाना/ घटाना हो, नाम बदलवाना हो, पते में कुछ बदलाव करवाना हो, या फिर कनेक्शन की श्रेणी बदलवानी हो, आपको इन कामों के लिए बीवाईपीएल ऑफिसों के चक्कर लगाने की जरूरत नहीं है। आप घर बैठे अपने ये काम करवा सकते हैं। बस हमारी हेल्पलाइन 399–99–808 पर फोन करें, या www.bsesdelhi.com पर लॉगऑन करें या 5 54 54 64 पर हमें एसएमएस करें और बीवाईपीएल की डोर स्टेप सर्विस के लिए खुद को रजिस्टर कराएं।

आपका अनुरोध मिलते ही, तय किए गए समय पर बीवाईपीएल का एक प्रतिनिधि आपके घर पहुंचेगा और जरूरी व्यावसायिक कागजात पूरी करने (आवेदन पत्र, एफिडेविट, इंडेम्निटी बॉन्ड आदि भरवाने) में आपकी मदद करेगा। उसके बाद वह आपसे ये कागजात कलेक्ट कर लेगा और तय समय के भीतर आपका काम पूरा कर दिया जाएगा।

बेतरतीब तारों से पहाड़गंज व करोलबाग को मिली निजात

अजमल खां रोड

कॉमनवेल्थ गेम्स के मद्देनजर बीवाईपीएल टीम ने अतिव्यस्त करोलबाग और पहाड़गंज इलाकों का सौंदर्यीकरण किया और लटकती, बेतरतीब तारों को 200 किलोमीटर तारें बिछाकर अंडरग्राउंड कर दिया। बिजली के खंभों को हटा दिया गया और साथ ही 500 फीडरों को भी बदला गया। इसके अलावा, 40 पुराने सब स्टेशनों की जगह कॉम्पैक्ट पैकेज्ड सब स्टेशन लगाए गए।

इसका नतीजा यह हुआ कि करोलबाग और पहाड़गंज को साफ सुथरा लुक तो मिला ही, साथ ही अतिरिक्त जगह भी मिली, जो पैदल चलने वालों को सुखद अहसास दे रही है। इसके अलावा, फॉल्ट होने की स्थिति में अब बीवाईपीएल के लिए फॉल्ट को ढूंढना भी आसान हो जाएगा और बिजली चोरी कम करने में भी मदद मिलेगी।

बदरपुर खादर को मिली बिजली

प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह ने 2012 तक देश में सबके लिए बिजली का लक्ष्य रखा था, लेकिन बीवाईपीएल ने उपेक्षित बदरपुर खादर इलाके में बिजली पहुंचाकर तय समय से काफी पहले ही इस लक्ष्य को हासिल कर लिया।

तीन तरफ से उत्तर प्रदेश और एक ओर से यमुना नदी से घिरा यह इलाका दिल्ली के पूर्वी छोर पर स्थित है। तमाम विपरीत परिस्थितियों और दिक्कतों के बावजूद, बीवाईपीएल ने 6.6 करोड़ रूपये खर्च कर, बदरपुर खादर में बिजली वितरण के लिए पूरा इंफ्रास्ट्रक्चर विकसित कर लिया है।

BSES
BSES Yamuna Power Limited

डोर स्टेप सर्विस चाहिए ?

कॉल करें 399–99–808 या www.bsesdelhi.com देखें

या फिर 5 54 54 64 पर एसएमएस करें